कार्यालयः प्रधानाचार्य, राजकीय मेडिकल कालेज, आजमगढ़

फोन नं0 05463–235020, फैक्स नं0–05463–235194
वेबसाइट– www.gmcazamgarh.com

संख्याः– 1290 / रा0मे0का0आ0 / छात्रअनु0 / 2020 दिनांक 17 / 09 / 2020

–:सूचना:–

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित, दशमोत्तर छात्रवृत्ती योजनान्तर्गत , के कम में सूचित किया जाता है कि एम0बी0बी0एस0 पाठ्यकम में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं जिनके माता–पिता/अभिभावक की निम्नानुसार वार्षिक आय है, के छात्र/छात्राएँ छात्रवृत्ति हेतु ऑनलाइन आवेदन कर सकते है।

कम सं0	विवरण	वार्षिक आय सीमा
1	सामान्य वर्ग, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक	रू0 2.00 लाख तक
2	अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति	रू0 2.50 लाख तक

छात्र/छात्राएं शैक्षिक सत्र 2020–21 में छात्रवृत्ति पोर्टल (http://scholarship.up.nic.in) पर छात्रवृत्ति हेतु ऑनलाइन आवेदन करायें।

- **छात्र/छात्राएं उपरोक्त छात्रवृत्ति की वेबसाइट पर छात्रों हेतु दिये गये महत्वपूर्ण दिशा–निर्देशों (छायाप्रति संलग्न) का पालन करते हुए ऑनलाइन आवदेन पत्र पर सभी विवरणों पर डाटा अंकित करते हुए Submit करें। छात्र/छात्रा द्वारा स्वयं ऑनलाइन आवेदन पत्र भरा जाना है, आवेदन पत्र में त्रुटिपूर्ण/अपूर्ण/गलत प्रविष्टियाँ भरने पर उत्तरदायित्व छात्र/छात्रा का ही होगा। छात्र/छात्राएँ छात्रवृत्ति हेतु ऑनलाइन आवेदन करते समय दिये गये निर्देशों का ध्यानपूर्वक पालक करें।**
- आवेदक को उत्तर प्रदेश का मूल निवासी होने की अनिवार्यता हैं।
- **बैच 2018, 2017, एवं 2016 के छात्र/छात्राएँ नवीनीकरण (Renewal) ऑप्शन का चुनाव करते हुये ऑनलाइन आवेदन करें।**
- छात्र/छात्राएँ हाइस्कूल अंकतालिका/प्रमाण पत्र में अंकित अपना नाम तथा अपने माता/पिता/पति के नाम के अनुरूप ही अन्य अभिलेखों– आय प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, मूल निवास प्रमाण पत्र आदि में **नामों में एकरूपता को देख लें यदि** नामों में कोई त्रुटि हो तो छात्रवृत्ति ऑनलाइन आवेदन करने से पूर्व उसे शुद्ध करा लेना चाहिये अन्यथा **आवेदन पत्र अग्रसारित किया जाना सम्भव नही होगा।**
- अनिवार्य वार्षिक शुल्क (Non Refundable) के कालम में शिक्षण संस्थान से जानकारी करने के बाद ही वास्तविक फीस की धनराशि ही अंकित करें।
- माता–पिता/अभिभावन का तहसीलदार द्वारा जारी आय प्रमाण–पत्र (प्रथम वर्ष के छात्रों को मूल रूप में व अन्य को छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा)।
- जाति/निवास (जिस पर लागू हो) प्रमाण पत्र एवं आय प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ इनकी आनलाइन सत्यापन की प्रति भी संलग्न किया जाना है।
- **बैच 2016, 2017, एवं 2018** के एम0बी0बी0एस0 पाठ्यकम में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को गतवर्ष की एम0बी0बी0एस0 परीक्षा उत्तीर्ण अंकपत्र की छायाप्रति को संलग्न करना अनिवार्य है।
- सबमिट किये गये ऑनलाईन आवेदन पत्र के साथ **वार्षिक शुल्क जमा रसीद, बैंक पासबुक, हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट, आधार कार्ड प्रमाण पत्र एवं अन्य प्रमाण पत्रों की** छायाप्रति संलग्न किया जाना अनिवार्य है।
- **समस्त छात्र/छात्राओं को शपथ पत्र रू0 10/– के नान जूडिशियल स्टाम्प पेपर पर बनवाने हेतु प्रारूप नोटिस बोर्ड पर चस्पा है।**
- **छात्र/छात्राएं ऑनलाईन आवेदन से पूर्व छात्रवृत्ति की वेबसाइट (http://scholarship.up.nic.in) पर दिये गये महत्वपूर्ण दिशा–निर्देशों का पालन करते हुये ऑनलाइन आवेदन पत्र को सबमिट करें। आवेदन पत्र में त्रुटिपूर्ण/अपूर्ण/गलत प्रविष्टियाँ भरने पर उत्तरदायित्व छात्र/छात्रा का ही होगा।**

Scanned with CamScanner

- छात्र/छात्राएं फाइनल सबमिशन से पूर्व अपने द्वारा छात्रवृत्ति आवेदन पत्र में अंकित की जाने वाली प्रविष्टियों को छात्र प्रकोष्ठ कार्यालय में उचित समझे तो जाँच हेतु दिखा सकते है।

छात्र/छात्राएं छात्रवृत्ति पोर्टल पर दी गई समय सारणी के कम सं0 04 अनुसार अंतिम तिथि 25, अगस्त 2020 तक ऑनलाईन आवेदन पत्र सबमिट करना सुनिश्चित करें। ऑनलाईन आवेदन पत्र का फाइनल प्रिन्ट आउट निकाल कर वांछित अभिलेख संलग्न कर स्वप्रमाणित करते हुये 02 प्रति में दिनांक 01, सितम्बर 2020 तक छात्र प्रकोष्ट कार्यालय में जमा करें।

नोटः– समय सारणी के कमांक 15 अनुसार ऑनलाईन आवेदन पत्र छात्र/छात्राओं हेतु 01 अगस्त से 05 नवम्बर 2020 तक अनवरत जारी रहेगा। ऑनलाईन आवेदन पत्र की हार्डकापी छात्र/छात्राओं द्वारा वांछित संलग्नकों सहित छात्र प्रकोष्ठ में विलम्बतम 12 नवम्बर 2020 तक जमा कर सकते है। छात्र/छात्राएं सत्र 2020–21 की छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति हेतु प्रस्तावित समय–सारणी का पालन करना सुनिश्चित करें।

संलग्नक– समय–सारणी एवं दिशा–निर्देश ।

प्रधानाचार्य
राजकीय मेडिकल कालेज
आजमगढ़

संख्याः– 1290 /रा0मे0का0आ0/छात्रअनु0/ 2020 तद्दिनांक................................।

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।।

01. चिकित्सा अधीक्षक,राजकीय मेडिकल कालेज, आजमगढ़ ।
02. एकेडमिक इन्चार्ज, राजकीय मेडिकल कालेज, आजमगढ़।
03. प्रभारी छात्र सेल,राजकीय मेडिकल कालेज, आजमगढ़।
04. प्रभारी आई0टी0 सेल, को उक्त सूचना महाविद्यालय के वेबसाइट पर प्रदर्शित करने हेतु ।
05. पुरूष एवं महिला छात्रावास, राजकीय मेडिकल कालेज, आजमगढ़।
06. नोटिस बोर्ड, प्रधानाचार्य कार्यालय, राजकीय मेडिकल कालेज, आजमगढ़।

प्रधानाचार्य
राजकीय मेडिकल कालेज
आजमगढ़

Scanned with CamScanner